शुभ दीपावली

BSES
BSES Yamuna Power Limited

# SYNERGY

... दिल्ली सरकार के साथ एक संयुक्त उद्‌यम

नवंबर – 2015

**विजिलेंस कॉन्टैक्ट डिटेल्स: 011–32419172 / bypl.vigilance@relianceada.com**

## बीएसईएस अतिरिक्त फीचर के साथ मोबाइल ऐप को अपग्रेड कर रही है



उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बीएसईएस अपने मोबाइल ऐप को अपग्रेड कर रही है। अब बिजली गुल होने की शिकायत को रजिस्ट्र करने के अलावा आप निम्नवत चीजें भी कर सकते हैं–

- विभिन्न डोर स्टेप सेवा जैसे नये कनेक्शन, नाम बदलाव, लोड को बढ़ाना/घटाना, पते को ठीक करवाना और नये कनेक्शन के स्टेटस को जानना।
- माई एकाउंट्स का उपयोग कर बिलिंग डिट्ल्स, करंट बिल देख सकते हैं, आखिर के 5 बिलों (पेमेंट डिटेल के साथ) और मौजूदा बिल को पीडीएफ में डाउनलोड कर सकते हैं।

यह मोबाइल ऐप www.bsesdelhi.com पर कस्टमर सपोर्ट सेक्शन में जाकर, या फिर, गूगल प्ले से डाउनलोड किया जा सकता है। फिलहाल सिर्फ एंड्रॉयड फोन के लिए उपलब्ध है।

## अस्थायी कनेक्शन से जुड़े तथ्य

- अस्थायी कनेक्शन अल्पकालिक जरुरतों (शॉर्ट–टर्म) जैसे शादी विवाह, धार्मिक आयोजनों, छोटे एवं बड़े निर्माण कार्य, पुनर्निर्माण, प्रदर्शनी, और सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि के लिए मुहैया करवाये जाते हैं।
- किसी घर में अगर कोई निवास कर रहा है और वहां पर पुनर्निर्माण होना है तो उसे अस्थायी कनेक्शन की जरुरत नहीं है लेकिन खाली स्थान पर निर्माण के लिए यह जरुरी है।
- उपरोक्त दिये हुए कार्यो के लिए रेग्युलर कनेक्शन के इस्तेमाल पर उच्चतर श्रेणी पर लगने वाली दर का दोगुणा जुर्माना बनता है, जिसमें डिटेक्शन की तिथि से एक साल पूर्व की अवधि को भी शामिल किया जायेगा।
- जो लोग अस्थायी कनेक्शन के लिए इच्छुक हैं वे दिये गये फॉरमैट के जरिए संबद्ध डिवीजन के कस्टमर केयर सेंटर में एप्लाई कर सकते हैं।
- अगर अनुरोध किया गया कनेक्शन तकनीकी रुप से उपयुक्त पाया जाता है तो बीवाईपीएल आवेदन पर तेजी के साथ कार्य करेगी और स्वीकारोक्ति के दो दिनों के भीतर डिमांड नोट रिलीज करेगी लेकिन यह इस पर निर्भर करेगा कि उस चारदीवारी/जगह पर कोई बकाया नहीं है।
- 10 किलोवाट लोड तक किसी भी अस्थायी कनेक्शन को टेक्निकल आधार पर अस्वीकृत नहीं किया जाएगा।
- अस्थायी कनेक्शन के लिए आवेदक को खुद से सर्विस लाइन बिछानी होगी। बीवाईपीएल एनर्जी मीटर मुहैया करवायेगी।
- डिमांड नोट रिसीप्ट के दो दिनों के भीतर आवेदक को रकम का भुगतान करना होगा। उसके बाद बीवाईपीएल आवेदक द्वारा अनुरोध की गाई तिथि पर कनेक्शन का विद्युतीकरण कर देगी।

**Follow us on Facebook:**
**www.facebook.com/bsesdelhi**

## बीवाईपीएल ने जीता कंप्लाएंस पुरस्कार

एक बार फिर यह साबित हो गया है कि भारत के नए कंपनी एक्ट द्वारा सुझाए गए नियमों, प्रावधानों और आचारनीति का पालन करने और उन्हें लागू करने पर, बीवाईपीएल का अतिरिक्त फोकस है। यही वजह है कि आपकी डिस्कॉम बीवाईपीएल को प्रतिष्ठित कंप्लाएंस टीम 2015 पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। हाल ही में, मुंबई में आयोजित दूसरे वार्षिक कंप्लाएंस 10/10 अवॉर्ड्स के दौरान बीवाईपीएल को पुरस्कृत किया गया। खास बात यह है कि बीवाईपीएल को जिस श्रेणी में पुरस्कृत किया गया, उसके लिए 49 कंपनियों ने अपना नामांकन दाखिल किया था। इनमें प्रमुख थीं टाटा पावर कंपनी लिमिटेड हल्दिया, एचडीएफसी लिमिटेड, शॉपर स्टॉप लिमिटेड, लाइफस्टाइल इंटरनैशनल प्राइवेट लिमिटेड, गोदरेज प्रोपर्टीज लिमिटेड, ल्युपिन फार्मा, आदि।

इस अवॉर्ड में 25 इंडस्ट्री सेक्टरों की भागीदारी रही, जिन्होंने 500 से अधिक कॉरपोरेट घरानों और 21,000 स्टेकहोल्डरों का प्रतिनिधित्व किया। न सिर्फ बीवाईपीएल में, बल्कि पूरे बिजली सेक्टर में नियमों, प्रावधानों और आचारनीतियों का पालन करने वाली संस्कृति को बढ़ावा देने के हमारे प्रयासों का सम्मान है, यह पुरस्कार।

## थर्ड पार्टी से भी करवा सकते हैं मीटर की जांच

अगर आप अपनी बिजली कंपनी द्वारा किए गए मीटर की जांच के परिणामों से संतुष्ट नहीं हैं, तो किसी तीसरी स्वतंत्र पार्टी से अपने मीटर की जांच करा सकते हैं। दिल्ली सरकार के पब्लिक ग्रिवैंस सेल यानी पीजीसी ने सेंट्रल पावर रिसर्च इंस्टिट्यूट यानी सीपीआरआई के साथ, इस सिलसिले में एक समझौता किया है। यह भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त संस्था है। इस संस्था से जांच करवाने के लिए शुल्क है: सिंगल फेज मीटर के लिए 200 रूपये और थ्री फेज मीटर के लिए 500 रूपये।

इच्छुक लोग निम्नलिखित पते पर पीजीसी से संपर्क कर सकते हैं:

पब्लिक ग्रिवैंस सेल, ऊर्जा विभाग, दिल्ली सरकार

33 केवी एसएलडीसी बिल्डिंग, सिविल सेंटर के निकट

मिंटो रोड– टैगोर रोड, नई दिल्ली – 110002

टेलीफोन नंबर: 1800 11 2222, 2323 0593, 2323 6596, 2323 4028

वेबसाइट: www.bijlipgr.gov.in

### आपकी सेवा में 24x7 फोन 399-99-808

अपने फीडबैक व सुझाव भेजें: कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस
बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय: शक्ति किरण बिल्डिंग, कड़कड़डूमा,
दिल्ली-110032, सीआईएन: U74899DL2001PLC111525
फोन: 011-399-99-808, वेबसाइट: www.bsesdelhi.com

### एसएमएस

टाइप करें-बीएसईएस वाईपी, स्पेस दें, एनसी लिखें, स्पेस दें, नौ अंकों वाला सीए नंबर टाइप करें और 5616108 पर भेज दें

### आईवीआरएस

अपने रजिस्टर्ड फोन नंबर से 399-99-808 पर फोन करें, बिजली गुल के लिए 1 दबाएं, और आईवीआरएस आधारित सेवाओं के लिए आप्शन 2 चुनें। आपका अनुरोध अपने आप ही रजिस्टर्ड हो जाएगा। अगर आप किसी रजिस्टर्ड नंबर से कॉल नहीं कर रहे हैं, तो कृपया अपना सीए नंबर पंच करें, आपकी रिक्वेस्ट स्वतः रजिस्टर हो जाएगी।

बीवाईपीएल, शक्ति किरण बिल्डिंग, कड़कड़डूमा, दिल्ली – 110032 के लिए, फ्रेंड्स कलर इमेजेस प्राइवेट लिमिटेड, 148, सेक्टर 4, आईएमटी मानेसर, गुड़गांव, हरियाणा – 122050 द्वारामुद्रित

**बिजली के करंट / शॉक की आशंका हो, तो तुरंत फोन करें: 011 41999808**